LM3ACK

समय : २ घंटे पूर्णांक: ६०

प्र.१ निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :- (१६)

क) "विज्ञान ने हमेशा इंस्पेक्टर मातादीन से मात खायी है । फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ कहता रहता है -छुरे पर पाये गये निशान मुलजिम की अंगुलियों के नहीं हैं । पर मातादीन उसे सजा दिला ही देते हैं ।"

अथवा

"तो अम्मा-पापा वाला घर-घर नहीं खेलेंगे - जयंतमामा और पापा वाल खेलेंगे'- 'नहीं, उसमें भी होगा, कैसाई घर-घर खेलो, झगड़ा तो ई है ।"

ख) "हमारा चरित्र कितना ही दृढ़ हो, उस पर संगति का असर अवश्य होता है । सुमन अपनी पड़ोसिनों को जितनी शिक्षा देती थी उससे अधिक उनसे ग्रहण करती थी । हम अपने गार्हस्थ्यजीवन की ओर से कितने बेसुध हैं , उसके लिए किसी तैयारी, किसी शिक्षा की जरुरत नहीं समझते । ऐसी दशा में यदि हमारा गार्हस्थ्य जीवन आनंदमय न हो तो कोई आश्चर्य नहीं ।"

अथवा

"क्या यह नाच देखना पसंद नहीं ? तो अपने मन को देखो, कपट और छल कैसा नाच रहा है ! सारा संसार नृत्यशाला है। उसमें लोग अपना-अपना नाच नाच रहे हैं। क्या यह देखने के लिए तुम्हारी आँखें नहीं हैं । हा! अज्ञान की मूर्तियों ! हा ! विषय भोग के सेवकों ! तुम्हे नाच का नाम लेते लज्जा नहीं आती !"

प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२४)

च. 'हिमालय' निबंध के माध्यम से हिमालय की पौराणिक उत्पत्ति और प्राकृतिक सुषमा का वर्णन कीजिए ।

अथवा

'खेल' कहानी की कथावस्तु को अपने शब्दों में लिखिए ।

छ. 'सेवासदन' उपन्यास के माध्यम से पद्मसिंह के चरित्र पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

'सेवासदन' उपन्यास की कथावस्तु को अपने शब्दों में लिखिए ।

प्र.३ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

ट. कलकत्ता शहर का वर्णन ।

अथवा

शनि ग्रह का वैज्ञानिक परिचय ।

ठ. शांता का चरित्र-चित्रण ।

प्र.४ निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- (१०)

१. इंस्पेक्टर मातादीन कहाँ गये थे ?

२. 'आमार सोनार बांगला देश' का अर्थ लिखिए ।

३. 'खेल' कहानी के बच्चों का नाम लिखिए ।

४. 'शनि: सबसे सुंदर ग्रह' निबंध के लेखक का नाम लिखिए ।

५. विद्यानिवास मित्र जी की रचना का नाम लिखिए ।

६. 'सेवासदन' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

७. 'सेवासदन' उपन्यास किस समस्या पर आधारित है ?

८. उपन्यास में सुमन के पिता कौन थे ?

९. 'सेवासदन' उपन्यास में कुल कितने अंक हैं ?

१०. मुन्नीबाई कौन थी ?

* * * *